Need to start operation of flight services from Sabeya Airport in Gopalganj district, Bihar ? Laid

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : सबेया (हथुआ) एयरपोर्ट RCS-UDAN में शामिल है । यह 473 एकड़ में है जिसमें से 280 एकड़ भूमि खाली है । मेरे सांसद फंड से एयरपोर्ट की पिलरिंग हुई है । रक्षा सम्पदा विभाग, दानापुर ने पक्की बाउंड्री एवं फेंसिंग के लिए 4 करोड़ 41 लाख रुपए की स्वीकृति के बाद बाउंड्री एवं फेंसिंग का कार्य चालू किया है । इस एयरपोर्ट के रनवे की लम्बाई 167 मीटर है तथा केवल गोपालगंज-सिवान जिले से सर्वाधिक संख्या में (लगभग 1.5 से 2 लाख) लोग खाड़ी देशों (विदेशों) में नौकरी करते हैं । गोपालगंज जिले में विदेशी मुद्रा का आगमन देश के अन्य जिलों की तुलना में सर्वाधिक है एवं बिहार में प्रथम है । इस एयरपोर्ट के चालू होने से गोपालगंज एवं आसपास के लगभग 5 जिलों का त्वरित विकास होगा । पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा तथा नेपाल से नजदीक होने के कारण इसका विशेष महत्त्व है । सबेया एयरपोर्ट पर कमर्शियल वायबिलिटी के साथ-साथ ट्रैफिक डिमांड भी है । 5 बिडिंग राउंड्स तक कोई भी एयरलाइन ऑपरेटर्स सबेया एयरपोर्ट से उड़ान के लिए बिडिंग राउंड्स में शामिल नहीं हुए हैं इसके साथ साथ टर्मिनल बिल्डिंग डिज़ाइन का काम भी ज़रूरी है । अत: नागर विमानन मंत्री जी से निवेदन है कि सबेया एयरफील्ड हथुआ रुट पर ऑपरेशनल एक्टिविटी शुरू करने के लिए बिडिंग राउंड्स में एयरलाइन ऑपरेटर्स आमंत्रित किये जाएँ ताकि सबेया एयरपोर्ट का Revival हो सके ।